CA Pradeep Jain
*Your need our concern*

## GSTR-3B में ITC Reverse करने में केवल Procedural देरी से अपीलकर्ता को CENVAT Credit का Refund को reject नहीं कर सकेंगे: Bangalore CESTAT

इस Case में अपीलकर्ता ग्रेनाइट स्लैब और टाइल्स के निर्माण और निर्यात का business करता था और इसने CENVAT Credit Rules , 2004 के Rule 5 के तहत CENVAT Credit के रिफ़ंड के लिए apply किया।

Original Authority ने कारण बताओ नोटिस जारी कर रिफंड के दावों को इस आधार पर खारिज करने का प्रस्ताव दिया कि अपीलकर्ता ने CENVAT रजिस्टर में राशि डेबिट नहीं की है। Appellant ने कहा कि जीएसटी के तहत TRAN-1 में CENVAT क्रेडिट की शेष राशि को Carried Forward किया गया था, लेकिन रिफंड के रूप में दावा की गई राशि को दिसंबर 2017 की अवधि के लिए GSTR-3B में डेबिट कर दिया है।

उचित प्रक्रिया का पालन करने के बाद Original Authority ने Refund को मंजूरी दे दी।

रिफ़ंड के मंजूर होने पर Department ने Commissioner(Appeal) के समक्ष अपील दायर की जिन्होंने Original Authority द्वारा दिये गये रिफ़ंड की स्वीकृति के आदेश के विरूद्ध विभाग द्वारा दायर अपील allow कर दी। Appellant ने इसके विरुद्ध CESTAT का दरवाजा खटखटाया। अपील में माननीय CESTAT ने देखा कि अपीलकर्ता की रिफ़ंड का दावा करने की पात्रता विवादित नहीं थी। अपीलकर्ता ने GSTR-3B में दावा की गई राशि को बाद में डेबिट करने में भी कोई विवाद नहीं था।

ट्रिब्यूनल ने यह कहा कि क्रेडिट का उपयोग किए बिना ही reverse करने को यह माना जाएगा कि क्रेडिट नहीं लिया गया है। चूंकि जीएसटी के तहत TRAN-1 में CENVAT क्रेडिट की शेष राशि को Carried Forward गया था, लेकिन अपीलकर्ता ने GSTR-3B में क्रेडिट को Reverse कर दिया है और उसको कभी भी उपयोग में भी नहीं लिया है। अतः इसे डेबिट करने में केवल देरी हुई थी और यह देरी procedural देरी थी और अपीलकर्ता को Refund का दावा करने से वंचित नहीं किया जा सकता है।

यह एक महत्वपूर्ण निर्णय है जिसमें माननीय उच्च न्यायालय ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि रिफंड एक SUBSTANTIVE RIGHT है और उसे PROCEDURAL INFRACTIONS के कारण डिपार्टमेंट द्वारा REJECT नहीं किया जा सकता।

*Visit us at www.capradeepjain.com*
https://www.facebook.com/GSTTODAYBYPRADEEPJAIN/
https://www.twitter.com/@capradeepjain21
https://www.linkedin.com/in/ca-pradeep-jain-b6a31a16